458 करोड़ से पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क में होगी औद्योगिक जलापूर्ति

कैबिनेट की मंजूरी, निवेश को मिलेगी गति

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लखनऊ और हरदोई में विकसित हो रहे पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क में औद्योगिक जलापूर्ति के लिए 458.5 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग द्वारा केंद्र सरकार की सहायता से लखनऊ में करीब एक हजार एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है। इस राशि से टेक्सटाइल पार्क में स्वच्छ जलापूर्ति व्यवस्था तैयार की जाएगी। इसके तहत 16 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट, गोमती नदी से पानी लेने के लिए 8.25 एमएलडी का इनटेक वेल, पंप हाउस और मुख्य पाइप लाइन बनाई जाएगी। साथ ही भूगर्भ जल की आपूर्ति के लिए 4.50 एमएलडी का ट्यूबवेल पंप हाउस भी स्थापित किया जाएगा। ब्यूरो